हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

(NAAC-Accredited : A+ with CGPA of 3.42)

## आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

धर्मशाला, ज़िला काँगड़ा, हि.प्र.- 176215


File No: JMC/2-8/CUHP/21/1504 Dated: 18/05/2026

**Event Report**

| | |
|---|---|
| **Name of the Event** | "पत्रकारिता लेखन की कला" विषय पर विशेष वार्ता एवं परिचर्चा। |
| **Objective of the event** | विभाग के छात्रों में पत्रकारिता क्षेत्र में प्रभावी लेखन, भाषा की शुद्धता और विभिन्न लेखन शैलियिओं की समझ विकसित कर उनका व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाना। |
| **Date, Time and Venue** | 8 मई, 2026, दोपहर 4 बजे (दिव्य हिमाचल मीडिया संस्थान मुख्यालय) |
| **Convener /Organising Secretary** | डॉ. चन्दन आनन्द |
| **Organising Unit** | प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग |
| **Participants** | पत्रकारिता विभाग के शोधार्थियों और स्नातकोत्तर विद्यार्थी। |
| **Outcome of the event** | 'दिव्य हिमाचल' के प्रधान सम्पादक श्री अनिल सोनी के साथ आयोजित इस विशेष परिचर्चा में विभाग के छात्रों को पत्रकारिता लेखन की व्यवहारिक बारीकियों और लेखन में भाषाई शुद्धता की समझ विकसित हुई। |
| **Expenditure & Funding Agency if anyone otherwise CUHP** | **CUHP** |
| **Photos (atleast one geo-tag)** | |

Head
Department of Journalism & Mass Communication
Central University of Himachal Pradesh
Dharamshala, Kangra-176215 (H.P.)






**पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग**

**विशेष वार्ता एवं परिचर्चा : पत्रकारिता लेखन की कला (विवरण)**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों के लिए 8 मई, 2026 को एक अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक परिचर्चा का आयोजन किया गया। विभाग के प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस विशेष वार्ता में दिव्या हिमाचल मीडिया के मुख्यालय में संसथान के प्रधान संपादक श्री अनिल सोनी के साथ 'पत्रकारिता लेखन की कला' विषय पर एक गहन विमर्श हुआ। परिचर्चा के दौरान श्री सोनी ने भावी पत्रकारों को संबोधित करते हुए पत्रकारिता के उन आयामों से परिचित कराया, जो अक्सर पाठ्यपुस्तकों की सीमाओं से परे होते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पत्रकारिता केवल तथ्यों का संकलन या सूचनाओं का प्रेषण मात्र नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एक गंभीर जिम्मेदारी और निरंतर सीखने की एक जीवंत कला है।

श्री सोनी ने अपने अनुभव साझा करते हुए लेखन की प्रभावशीलता, भाषा की शुद्धता और समाचारों में निष्पक्षता को पत्रकारिता की आधारशिला वताया। उन्होंने विद्यार्थियों को आगाह किया कि आज के सूचना क्रांति के युग में जहाँ सूचनाओं की वाढ़ आई हुई है, वहाँ समाचार पत्रों की विश्वसनीयता आज भी अक्षुण्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और विस्तार से वताया कि कैसे एक पत्रकार को फीचर लेखन, खेल (स्पोर्ट्स) लेखन और वाणिज्य (कॉमर्स) लेखन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करनी चाहिए।

इस परिचर्चा का एक महत्वपूर्ण पहलू मातृभाषा के प्रति श्री सोनी का दृष्टिकोण रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी स्थानीय और मातृभाषाओं में कार्य करने तथा उन्हें समृद्ध बनाने की सलाह दी। उनके अनुसार, जब एक लेखक अपनी जड़ों की भाषा में अभिव्यक्ति करता है, तो वह न केवल उस भाषा को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है, बल्कि इससे लेखक के स्वयं के व्यक्तित्व का भी सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विना गहन अध्ययन के लेखन कला में

Head
Department of Journalism & Mass Communication
Central University of Himachal Pradesh
Dharamshala, Kangra-176215 (H.P.)

परिपक्वता आना असंभव है; साहित्य ही वह माध्यम है जो हमारी दृष्टि को विस्तार देता है और भाषा को लालित्य प्रदान करता है।

विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु उन्होंने 'दिव्य हिमाचल' में उनके मौलिक लेखों को प्रकाशित करने का निमंत्रण भी दिया, जो कि नवोदित पत्रकारों के लिए एक बड़ा मंच और प्रोत्साहन साबित होगा। अंततः, यह परिचर्चा न केवल सूचनात्मक रही, बल्कि इसने विद्यार्थियों को एक उत्तरदायी पत्रकार बनने की दिशा में एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया। इस दौरान विभाग के सह आचार्य डॉ. मनीष प्रकाश और प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सहायक आचार्य डॉ. चन्दन आनन्द विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

| | |
|---|---|
| (Sig.....................................)<br>Dr... Chandan Anand<br>Convener | (Sig.....................................)<br>Head/Director<br>(With Stamp) |

Head
Department of Journalism & Mass Communication
Central University of Himachal Pradesh
Dharamshala, Kangra-176215 (H.P.)

**Annexure:**

1. Notice of the event
2. Program Schedule (if any)
3. Program brochure
4. Attendance Sheet (Name & Signature)

फाइल सं: JMC 61-8/CUHP/21/1482-1486
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
(Accredited by NAAC with 'A+' Grade with CGPA of 3.42)
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

आज़ादी का अमृत महोत्सव

धर्मशाला – 176215 दिनांक: 06-05-2026

# सूचना

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के समस्त एम.ए. के छात्रों एवं शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि विभाग के प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 08 मई, 2026 को औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है।

इस भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को समाचार संस्थान 'दिव्य हिमाचल' (मटौर, कांगड़ा) के परिसर का भ्रमण कराया जाएगा, जहाँ उन्हें समाचार निर्माण से लेकर प्रकाशन तक की प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा।

साथ ही संपादकीय टीम के प्रधान सम्पादक श्री अनिल सोनी जी के साथ भी **"पत्रकारिता लेखन की कला"** विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की जाएगी, जिससे छात्रों/ शोधार्थियों को पत्रकारिता लेखन एवं कार्यप्रणाली की बेहतर समझ विकसित होगी।

**भ्रमण का विवरण निम्नानुसार है:**

तिथि: 08 मई, 2026
प्रस्थान समय: अपराहन 1.00 बजे
प्रस्थान स्थान: धौलाधार परिसर -I, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
परिचर्चा का समय : अपराहन 4.00 बजे
समन्वयक: डॉ. चन्दन आनन्द

अतः सभी छात्रों/ शोधार्थियों से अनुरोध है कि वे औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

डॉ. अर्चना कटोच
विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग
6/05/2026

प्रति निम्न कोसूचनार्थ हेतु प्रेषित।

1. पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सभी छात्रों/ शोधार्थियों के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, पत्रकारिता, जनसंचारएवं नव मीडिया के सूचनार्थ।
3. समन्वयक, प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के सूचनार्थ।
4. पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सभी संकाय सदस्यों के सूचनार्थ।

डॉ. अर्चना कटोच
विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

# हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

## प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ

# पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

## द्वारा आयोजित

औद्योगिक भ्रमण
दिव्य हिमाचल मीडिया संस्थान मुख्यालय
एवं
संस्थान के प्रधान सम्पादक श्री अनिल सोनी
के साथ
"पत्रकारिता लेखन की कला" विषय पर
विशेषज्ञ वार्ता एवं परिचर्चा।



**मुख्य संरक्षक**
**प्रो. सत प्रकाश बंसल**
**माननीय कुलपति,**
**हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय**

**मई 08, 2026**

**प्रस्थान: दोपहर 1 बजे**
**परिचर्चा का समय: 4.00 बजे**

संरक्षक - प्रो. अर्चना कटोच, विभागाध्यक्ष,
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

समन्वयक - डॉ. चन्दन [illegible]
सहायक आचार्य, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रशिक्षण एवं नियोजन गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 08-05-2026 को एक विशेषज्ञ वार्ता एवं परिचर्चा का आयोजन किया। इस दौरान दिव्य हिमाचल मीडिया संस्थान के प्रधान संपादक श्री अनिल सोनी जी के साथ "पत्रकारिता लेखन की कला" विषय पर परिचर्चा की गई। दिव्य हिमाचल मीडिया संस्थान के परिसर में आयोजित इस विशेष वार्ता में निम्नलिखित लोग उपस्थित रहे।

| नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|
| (1) श्रीमान अनिल सोनी जी (प्रधान संपादक दिव्य हिमाचल) | [signature] |
| (2) श्रीमान संजय अवस्थी जी (Resident Editor) | [signature] |
| (3) Dr. Manish Prakash | [signature] |
| (4) डॉ चन्दन आनन्द | [signature] |
| (5) कोमल मेहता (P.hd) | [signature] |
| 6. Avani ~~(PhD)~~ | [signature] |
| 7. Shaheer chimbra | [signature] |
| 8 Kurshpreet | [signature] |
| ~~9. [illegible]~~ | [signature] |

9. Yashika
10. Yatharth
11. Shrishti
12. Srishti dwivedi
13. Palak Thakur
14. Vivek kr Pandey
15. Smriti Thakur
16. Sapna Sharma
17. Divyanshi Deep Chaurisa
18. Simran Patiyal
19. TAKSH RAJPUT

20. Abhishek Chauhan
21) Suraj Zutshi
22. Muskan
23 Sanjeev chaudhary
24 Ritika Sharma
25 Sangeeta
26 Rahul Thakur
27 Ritik Bisht
28 Ambrish (Phd)
29 Veeky Thakur
30 Nitin
31 Aditya Veer Singh
32 Muskan
33. Himanshu Singh
34. Rahul Thothyl
35 Jitna
36. Jahanvi
37. Shubham (Phd)

| | | |
|---|---|---|
| 38. | Rohit Mehta (Phd) | [signature] |
| 39. | Sakshi | Sakshi |
| 40. | Parul Chauhan | Parulchauhan |

[signature]

# अनुशासन में रहकर निरंतर सीखने की कला है पत्रकारिता



धर्मशाला : प्रधान संपादक अनिल सोनी के साथ केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र

दिव्य हिमाचल ब्यूरो – धर्मशाला

■ दिव्य हिमाचल पहुंचे केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रधान संपादक अनिल सोनी ने दी बड़ी सीख

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के छात्रों का एक दल शुक्रवार को दैनिक दिव्य हिमाचल के मुख्यालय मटौर पहुंचा। इस भ्रमण के दौरान विभाग के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने पत्रकारिता की व्यावहारिक बारीकियों को करीब से समझा। संस्थान के प्रधान संपादक अनिल सोनी के साथ पत्रकारिता लेखन की कला पर एक विशेष परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ चंदन आनंद इस भ्रमण के समन्वयक के रूप में विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

विभाग के विद्यार्थियों ने समाचार पत्र के निर्माण से लेकर उसके प्रकाशन तक तथा टीवी पर प्रसारित न्यूज की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में सीखे गए सिद्धांतों का मीडिया जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली के साथ समन्वय स्थापित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों ने न्यूज रूम, इनपुट डेस्क, आउटपुट डेस्क, ब्रॉड कास्टिंग, संपादन विभाग और प्रिंटिंग प्रेस की कार्यप्रणाली को देखा, जहां विशेषज्ञों ने उन्हें एंकरिंग, एडिटिंग, समाचार चयन, लेआउट डिजाइनिंग और आधुनिक तकनीकी उपकरणों के प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने यह जाना कि एक समाचार घटना स्थल से लेकर पाठकों के हाथों तक पहुँचने के बीच किन महत्वपूर्ण चरणों से होकर गुजरता है और कितने लोगों की टीम कार्य करती है। इस अवसर पर संस्थान के प्रधान संपादक अनिल सोनी के साथ पत्रकारिता लेखन की कला विषय पर एक विशेष परिचर्चा की। परिचर्चा के दौरान श्री सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना देना मात्र नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी और निरंतर सीखने की एक कला है।

उन्होंने छात्रों को प्रभावी लेखन, भाषा की शुद्धता और समाचार की निष्पक्षता के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि आज भी समाचार पत्र की ही विश्वसनीयता है। इस दौरान उन्होंने फीचर लेखन, स्पोर्ट लेखन एवं कॉमर्स लेखन की भी चर्चा की। उधर कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने इस भ्रमण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का सदैव यह ध्येय रहा है कि विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाए।

## परिचर्चा के दौरान विभाग के एसोसिएट

औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम एवं परिचर्चा के दौरान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डाक्टर मनीष प्रकाश और सहायक आचार्य डॉ चन्दन आनंद छात्रों के साथ रहे। विभागाध्यक्ष प्रो अर्चना कटोच, सह आचार्य डॉ हर्ष मिश्रा, और सहायक आचार्य मोनिका ने छात्रों को औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना किया। विभाग के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।